,९६ -

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

दिनांक 12.06.2025 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में सम्पन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल, पटना के अधीन, Package No MGSY/24-25/ Patna/01 (Tender ID- 140819) की निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारो के तकनीकी बीड संबंधी कागजात की समीक्षा दिनांक 09.05.2025 को की गयी।

संदर्भित निविदा में Raghopur Infracon Pvt. Ltd. Regd. no-1230085) Add-Road no-8,, Indra Nagar, Postalpark, Jakkanpur Patna, Bihar, Pin Code- 800001 द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण पत्र जाली/फर्जी रहने के कारण **CMBD** की कंडिका :-4.4 A (c) & 4.7 (i) के आलोक में इन्हें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित करते हुए विभागीय गैर सरकारी प्रेषण संख्याः-117 अनु0 दिनांक 01.08.2025 द्वारा बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) के तहत कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 8607 अनु0 दिनांक 07.08.2025, पत्रांक 9213 दिनांक 27.08.2025 एवं प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 9219 दिनांक 27.08.2025 द्वारा उक्त कृत्य हेतु Raghopur Infracon Pvt. Ltd. से स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया, जो अबतक अप्राप्त है।

संवेदक द्वारा अबतक अपना पक्ष विभाग को उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिससे स्पष्ट है कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या 8123 दिनांक 19.012.2007 के कंडिका 11 (क) उप कंडिका (ix) एवं 11(ख) की उपकंडिका (ii) में विहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार/संवेदक Raghopur Infracon Pvt. Ltd. Regd. no-1230085) Add-Road no-8,, Indra Nagar, Postalpark, Jakkanpur Patna, Bihar, Pin Code- 800001 के निबंधन को अगले 02 (दो) वर्षों के लिए कालीकृत किया जाता है।

५/९/२५
(निर्मल कुमार,)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त
-सह-विशेष सचिव

ज्ञापांकः-14/अ0प्र0-14-210/2025 9659 /पटना, दिनांकः- 8-9-25

प्रतिलिपिः-अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग,/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

५/९/२५
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त
-सह-विशेष सचिव

P.T.O.

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–210 / 2025 9659 / पटना, दिनांकः– 8.9.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8/9/25

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–210 / 2025 9659 / पटना, दिनांकः–8.9.25

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8/9/25

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–210 / 2025 9659 / पटना, दिनांकः–8.9.25

निबंधित

प्रतिलिपिः– Raghopur Infracon Pvt. Ltd. Regd. no-1230085) Add-Road no-8,, Indra Nagar, Postalpark, Jakkanpur Patna, Bihar, Pin Code- 800001 को सूचनार्थ प्रेषित।

8/9/25

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव